मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी – मार्च, 1992 सत्र

दैनिक कार्य – सूची

मंगलवार, दिनांक 11 फरवरी, 1992 (माघ 22, 1913)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख –

(1) श्री डीलन सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा, तथा

(2) पंडित कुमार गंधर्व, सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री सुन्दरलाल पटवा, मुख्य मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश फिल्म विकास निगम मर्यादित का सातवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1988-89 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री कैलाश जोशी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम लिमिटेड का चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1987-88 पटल पर रखेंगे.

(3) श्री कैलाश चावला, खनिज साधन मंत्री, कम्पनीज एक्ट 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड की 29 वीं वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1990-91 पटल पर रखेंगे.

(4) श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश ग्रामोद्योग अधिनियम, 1978 (क्रमांक 16 सन् 1978) की धारा 18 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड भोपाल के वर्ष 1984-85 के लेखाओं का महालेखाकार (लेखा परीक्षा) मध्यप्रदेश द्वारा किया गया अंकेक्षण प्रतिवेदन पटल पर रखेंगे.

(5) श्री विक्रम वर्मा, शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा अनुदान आयोग अधिनियम 1973 (क्रमांक 21 सन् 1973) की धारा 17 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा अनुदान आयोग, भोपाल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1990-91 पटल पर रखेंगे.

4. दिसम्बर, 1991 सत्र के प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना

5. नियम 267-क के अधीन दिसम्बर, 1991 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

6. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

7. प्रतिवेदन की प्रस्तुति तथा स्वीकृति

श्री बाबूलाल गौर, संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि –

"सदन कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है."

8. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) सर्वश्री जालम सिंह पटेल, सत्यनारायण शर्मा, झुमुकलाल भेंडिया, सदस्य राजनांदगांव जिले की पानाबरस योजना के तहत मिश्रित वनों की हो रही कटाई की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री महेश तिवारी, सदस्य, भिलाई नगर स्थित केडिया डिस्टिलरी से प्रदूषण फैलने की ओर राज्यमंत्री, आवास एवं पर्यावरण का ध्यान आकर्षित करेंगे.

9. सभापति तालिका की घोषणा

10. वर्ष 1991-92 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री, वर्ष 1991-92 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

निर्धारित समय	**11. प्रतिवेदनों पर चर्चा**
1 घन्टा	(1) पंडातराई (बिलासपुर) जांच आयोग, बिलासपुर, मध्यप्रदेश के प्रतिवेदन पर चर्चा.
1 घन्टा	(2) मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल का वार्षिक वित्तीय विवरण वर्ष 1990-91 एवं 1991-92 (भाग एक व दो) पर चर्चा.
1 घन्टा	(3) म.प्र. लोक सेवा आयोग का 31, 32, एवं 33 वां वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा.

भोपाल:
दिनांक: 10 फरवरी, 1992

विजेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा